(8)

संख्या–781 /71–2–16–के0जी0एम0यू0–05/2015टी0सी0

प्रेषक,

अरिन्दम भट्टाचार्य,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

√**कुलपति**
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,
लखनऊ ।

<u>चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–2</u> **<u>लखनऊ : दिनांक 06 मई, 2016</u>**

विषयः– किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कार्डियोलाजी विभाग में पद सृजन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–वी0सी0/के0जी0एम0यू0/2015 /1421, दिनांक 18 फरवरी, 2016 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कार्डियोलाजी विभाग हेतु शैक्षणिक एवम् गैर शैक्षणिक पदों को, जिनका उल्लेख इस शासनादेश के ***संलग्नक–क*** में किया गया है, को अस्थायी रूप से दिनांक 28.02.2017 तक के लिए, बशर्ते इन पदों को इससे पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिया जाय सृजित किये जाने की, श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति इस शर्त के अधीन प्रदान करते हैं कि शैक्षणिक पदों की अर्हता एम0सी0आई0 के मानकानुसार निर्धारित की जायेगी। उक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही निर्धारित नियमों एवं एम0सी0आई0 के मानकों के अनुसार तथा गैर शैक्षणिक पदों पर भर्ती की कार्यवाही संगत नियमों/अधिनियमों व परिनियमावली के प्राविधानानुसार की जायेगी।

2– उक्त के अतिरिक्त किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कार्डियोलाजी विभाग हेतु कुल 85 पदों का कार्य आउट सोर्सिंग के माध्यम से लिए जाने, जिनका उल्लेख इस शासनादेश के ***संलग्नक –ख*** में किया गया है, की अनुमति भी प्रदान की जाती है।

3– उक्त पदों पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2016–17 के आय–व्ययक के अनुदान संख्या–31–चिकित्सा विभाग (चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण) के लेखाशीर्षक ''2210– चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य– आयोजनागत–05 चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण तथा अनुसंधान– 105–एलोपैथी –03–शिक्षा–0366–किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ –31–सहायता अनुदान–सामान्य (वेतन) के नामे डाला जायेगा।''

4– उक्त पदों पर भर्ती/नियुक्ति/तैनाती आदि की कार्यवाही कार्डियोलाजी विभाग के भवन–निर्माण/अधः संरचना के पूर्ण होने के उपरान्त उक्त शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन की जायेगी।

5– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–ई–3–714 /दस–2016, दिनांक 04 मई, 2016 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नकः यथोपरि।

Registrar/HOD Cardio
APS-II
RK

भवदीय,

(अरिन्दम भट्टाचार्य)
विशेष सचिव।

Please advertise immediately

M-GO 2016

संलग्नक–क

संख्या–781/71–2–16–के0जी0एम0यू0–05/15टीसी, दिनांक 06 मई, 2016 का संलग्नक–
(किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कार्डियोलाजी विभाग में सृजित किये जाने वाले शैक्षणिक एवम् गैर शैक्षणिक पदों का विवरण–)

कमांक	पदनाम	सृजित किये जाने वाले पद	वेतनमान रू0में
1	2	3	4
क–	**शैक्षणिक पद**		
1	सहायक आचार्य	06	वेतन बैण्ड–3 रू. 15600–39100 (न्यूनतम वेतन रू. 30000/–) और एकेडमिक ग्रेड पे रू. 8000/– असिस्टेन्ट प्रोफेसर के पद पर तीन वर्ष की सेवा के पश्चात् वेतन बैण्ड–4 रू. 37400–67000 और एकेडमिक ग्रेड पे रू. 8700/–
2	सहायक आचार्य (एनेथेस्टि)	03	वेतन बैण्ड–3 रू. 15600–39100 (न्यूनतम वेतन रू. 30000/–) और एकेडमिक ग्रेड पे रू. 8000/– असिस्टेन्ट प्रोफेसर के पद पर तीन वर्ष की सेवा के पश्चात् वेतन बैण्ड–4 रू. 37400–67000 और एकेडमिक ग्रेड पे रू. 8700/–
ख–	सीनियर रेजीडेन्ट प्रथम वर्ष (स्नातकोत्तर डिग्री धारक)	12	15600–39100 ग्रेड पे–6600
	कुल पद–	**21**	
ग–	**पी0सी0आई0 यूनिट**		
1	सिस्टर	01	वे0बै0–2 9300–34800 ग्रेड पे–4800
2	कैथ लैब टेक्नीशियन	06	वे0बै0–1 5200–20200 ग्रेड पे–2800
3	जनसम्पर्क अधिकारी	03	वे0बै0–2 9300–34800 ग्रेडपे– 4600
घ–	**पैरामेडिकल स्टाफ**		
1	सिस्टर	04	वे0बै0–2 9300–34800 ग्रेड पे–4800
2	कनिष्ठ सहायक	02	वे0बै0–1 5200–20200 ग्रेडपे– 2000
3	ई0सी0जी0टेक्नीशियन	10	इण्टरमीडिएट (विज्ञान) तथा सम्बन्धित ट्रेड में डेढ़ वर्ष से कम अवधि का डिप्लोमा/सर्टिफिकेट की अर्हता के साथरू0 4000–6000 का वेतनमान (दि001 जनवरी, 2006 से लागू पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड–1 रू0 5200–20200 एवं ग्रेड वेतन रू0 2400/–) अनुमन्य कराया जाये। इण्टरमीडिएट (विज्ञान) तथा सम्बन्धित ट्रेड में डेढ़ वर्ष या डेढ़ वर्ष से अधिक अवधि का डिप्लोमा/सर्टिफिकेट की अर्हता निर्धारित होने की स्थिति में रू0 4500–7000 का वेतनमान (दि001 जनवरी, 2006 से लागू पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड–1 रू0 5200–20200 एवं ग्रेड वेतन रू0 2800/–) अनुमन्य कराया जाये।
	योग–	26	

आज्ञा से,

(नीलेश कुमार सिंह)
अनु सचिव।

M-GO 2016

संलग्नक–ख

संख्या– 781 /71–2–16–के0जी0एम0यू0–05/15टीसी, दिनांक 06 मई, 2016 का संलग्नक–

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कार्डियोलाजी विभाग में आउट सोर्सिंग के माध्यम से लिए जाने वाले कार्यों के पदों का विवरण–

कमांक	पदनाम	सृजित किये जाने वाले पद
1	2	3
ग–		
1	स्टाफ नर्स	06
2	कम्प्यूटर आपरेटर	03
3	वार्ड व्याय	06
4	सफाई कर्मचारी	04
5	सुरक्षा गार्ड	04
घ–		
6	स्टाफ नर्स	32
7	वार्ड व्याय	15
8	सफाई कर्मचारी	15
	योग–	(85–आउटसोर्सिंग)

आज्ञा से,

(नीलेश कुमार सिंह)
अनु सचिव।

M-GO 2016